संपादकीय

ऑपरेशन सिंदुर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के दो दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस्लामाबाद को कड़ा संदेश दिया।

प्रधानमंत्री ने अपने 22 मिनट के संबोधन में सीजफायर, आतंकवाद, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में जघन्य हमला और सिंधु जल समझौते पर बात की। उन्होंने कड़े तेवर के साथ कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता जाहिर उनका यह संदेश सिर्फ पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी था।

प्रधानमंत्री के संबोधन से एक बात साफ हो गई कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद के बारे में पुरानी नीति का परित्याग कर दिया है जहां कूटनीति और आतंक का सहअस्तित्व था। उन्होंने विश्व समुदाय को भारत की नई नीति और सिद्धांत के बारे में स्पष्ट तौर पर बता दिया कि अगर आप पाकिस्तान के साथ बात होगी तो आतंकवाद पर और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। यानी परमाणु हमले की धमकी को अलग-थलग करके आतंकी अड्डों को नष्ट करेगा। यह याद रखा जाना चाहिए कि अगर पाकिस्तान भारत पर परमाणु हमला करता है तो भारत को सिर्फ खरोंचे ही आएगी, लेकिन विश्व मानचित्र से पाकिस्तान का नाम ही मिट जाएगा। विश्व समुदाय जानता है कि भारत एक जिम्मेदार और सभ्य राष्ट्र है जो पहले परमाणु शस्त्र का इस्तेमाल कभी नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इस बात को दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है, लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह आतंकवाद का भी समय नहीं है। वास्तव में भारत पिछले दशकों से आतंक की पीड़ा झेल रहा है।

ऐसा पहली बार हुआ कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में इस्लामाबाद से कराची तक 13 जगहों को अपना निशाना बनाया। न केवल निशाना बनाया बल्कि पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमानों को नेतस्नाबूद भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बुद्ध ने शाति का रास्ता दिखाया है, लेकिन शक्ति से ही शाति का रास्ता निकलता है। इसका अर्थ साफ है कि भारत अब भई बिनु होई न प्रीति..की नीति को आगे बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा भी है कि 'ऑपरेशन सिंदुर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं।

सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज ने सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में दी चुनौती

नई दिल्ली

विमानन के क्षेत्र में काम करने वाली तुर्की की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया ने सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। कंपनी ने अपनी याचिका में इस फैसले को मनमाना और 'अस्पष्ट' राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं पर आधारित बताया है। सेलेबी ने याचिका में कहा है कि आदेश में कोई ठोस तर्क नहीं था और इसे बिना किसी पूर्व सूचना के जारी किया गया था। कंपनी ने कहा, "किसी इकाई को किस तरह से खतरा है, इस पर विस्तार से बताए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में केवल बयानबाजी करनाज् कानून के समक्ष टिक नहीं सकता।"

सेलेबी ने चेतावनी दी कि इस फैसले से 3,791 नौकरियां तथा निवेशकों का विश्वास प्रभावित होगा और हवाईअड्डे की आवश्यक सेवाएं बाधित होंगी। सरकार ने गुरुवार को भारतीय हवाईअड्डों पर तुर्की की ग्राउंड-हैंडलिंग फर्म सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज के लिए सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। उसने बताया था कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान का समर्थन करने के मद्देनजर तुर्की के व्यवसायों पर प्रतिबंध लगाने की मांग बढ़ गई थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा था कि "बीसीएएस (नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो) के महानिदेशक को दी गई शक्ति का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।" तुर्की की यह कंपनी मुंबई हवाईअड्डे पर यात्री सेवाओं, लोड नियंत्रण, उड़ान संचालन, कार्गो और डाक सेवाओं, गोदामों और एयरोब्रिज संचालन सहित लगभग 70 प्रतिशत ग्राउंड संचालन संभालती है।

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि सरकार को पूरे देश से सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं, जो भारतीय हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं संचालित करने वाली तुर्की की कंपनी है। मंत्री ने पोस्ट में लिखा, इस मुद्दे की गंभीरता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के आह्वान को समझते हुए, हमने इन अनुरोधों का संज्ञान लिया है और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उक्त कंपनी की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी है। राष्ट्र की सुरक्षा और हितों को सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सेलेबी ने 2008 में भारतीय विमानन क्षेत्र में प्रवेश किया था। रिपोर्टों के अनुसार, फर्म का आंशिक स्वामित्व तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की बेटी सुमेये एर्दोगन के पास है। सुमेये एर्दोगन की शादी सेल्कुक बेराकटार से हुई है, जो बेराकटार सैन्य ड्रोन का उत्पादन करता है जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ किया था। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान को समर्थन देना केवल तुर्की की सरकारी नीति का मामला नहीं है, बल्कि इसमें एर्दोगन का अपना परिवार सीधे तौर पर शामिल है।

आधार ऑथेंटिकेशन ने 150 बिलियन ट्रांजैक्शन का आंकड़ा किया पार

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन की कुल संख्या 150 बिलियन (15,011.82 करोड़) के आंकड़े को पार कर गई है, जो कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके अलावा, अप्रैल के दौरान किए गए ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन 37.3 करोड़ रहे, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन से 39.7 प्रतिशत अधिक है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने कहा कि 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन की संचयी संख्या 2,393 करोड़ को पार कर गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और व्यापक आधार इकोसिस्टम की यात्रा में एक मील का पत्थर है। आधार-आधारित प्रमाणीकरण जीवन को आसान बनाने, प्रभावी कल्याण वितरण और सेवा प्रदाताओं द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं का स्वैच्छिक रूप से लाभ उठाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि अकेले अप्रैल में लगभग 210 करोड़ आधार प्रमाणीकरण ट्रांजैक्शन किए गए, जो 2024 में इसी महीने की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

आधार ई-केवाईसी सेवा बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं सहित क्षेत्रों में ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और व्यापार करने में आसानी लाने के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यूआईडीएआई द्वारा इन-हाउस विकसित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-मशीन लर्निंग-आधारित आधार फेस प्रमाणीकरण समाधान लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। अप्रैल में, लगभग 14 करोड़ ऐसे ट्रांजैक्शन हुए, जो इस प्रमाणीकरण पद्धति को अपनाने और आधार संख्या धारकों को सहज रूप से लाभ पहुंचाने का संकेत देते हैं। मंत्रालय ने कहा कि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में 100 से अधिक संस्थाएं लाभ और सेवाओं के सुचारू वितरण के लिए फेस प्रमाणीकरण का उपयोग कर रही हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार में आया बड़ा उछाल, 4.5 अरब डॉलर का हुआ इजाफा

मुंबई

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 मई को समाप्त हुए हफ्ते में 4.5 अरब डॉलर बढक़र 690.62 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियों की वैल्यू 19.6 करोड़ डॉलर बढक़र 581.37 अरब डॉलर हो गई है। विदेशी मुद्रा आस्तियों में अमेरिकी डॉलर के अलावा अन्य मुख्य विदेशी मुद्राएं जैसे यूरो, पाउंड और येन शामिल होती हैं। 9 मई को समाप्त हफ्ते में गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 45 लाख डॉलर बढक़र 86.33 अरब डॉलर हो गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार की वैल्यू 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रह गई। समीक्षाधीन हफ्ते में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रह गई। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है।

भारतीय शेयर बाजार का दमदार प्रदर्शन, एक हफ्ते में दिया 4 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता कारोबारी हफ्ता शानदार रहा। इस दौरान बाजार ने निवेशकों को 4 प्रतिशत से भी अधिक का रिटर्न दिया। 12-16 मई के कारोबारी सत्र में निफ्टी में 1,011.80 अंक या 4.21 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 4 अक्टूबर 2024 को समाप्त हुए हफ्ते के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक की यह सबसे बड़ी बढ़त है।

इसके अतिरिक्त सेंसेक्स का भी प्रदर्शन बीते हफ्ते शानदार रहा और इसमें 2,876.12 अंक या 3.62 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई। लार्जकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप और मिडकैप का भी प्रदर्शन शानदार रहा। समीक्षा अवधि में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स ने 7.21 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 9 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया। बीते हफ्ते निफ्टी में डिफेंस (17.2 प्रतिशत), रियल्टी (10.78 प्रतिशत), मेटल (9.28 प्रतिशत), मीडिया (9.10 प्रतिशत) और पीएसई (7.28 प्रतिशत) सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंडेक्स थे। इस दौरान लगभग सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए।

16 मई को समाप्त हुए हफ्ते में सेंसेक्स में टाटा स्टील (10.3 प्रतिशत), टेक महिंद्रा (8.3 प्रतिशत), इटरनल ((जोमैटो) 8.2 प्रतिशत), अदाणी पोर्ट्स (7.7 प्रतिशत), बजाज फिनसर्व (6.1 प्रतिशत) और मारुति सुजुकी (6.1 प्रतिशत) के साथ टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक (4.6 प्रतिशत), भारती एयरटेल (1.9 प्रतिशत) और सन फार्मा (0.6 प्रतिशत) की गिरावट के साथ सेंसेक्स में टॉप लूजर्स थे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज, वरिष्ठ डेरिवेटिव और तकनीकी अनुसंधान विश्लेषक, नंदीश शाह ने कहा, "निफ्टी का रुझान तेजी का है और लगातार अपने शॉर्ट-टर्म मूविंग एवरेज के ऊपर बना हुआ है। फिलहाल निफ्टी के लिए 25,207 एक रुकावट का स्तर है और सपोर्ट 24,800 पर है।

नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, पहली बार किया 90 मीटर का आंकड़ा पार

❒ दोहा डायमंड लीग में मचाया धमाल

दोहा

भारत को स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने वो कर दिखाया है जो आज तक भारत में कोई नहीं कर पाया है. नीरज ने यह मुकाम कतर की राजधानी दोहा में हासिल किया है जहां उन्होंने दोहा डायमंड लीग मीट में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करते हुए नया मुकाम हासिल कर लिया है.

नीरज ने 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है और चारों ओर अपने नाम का डंका बजा दिया है. यह कारनामा उन्होंने शुक्रवार की देर रात को किया जहां उन्होंने प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट के दोहा चरण में 90.23 मीटर का भाला फेंका है. नीरज ने पहली बार अपने करियर में 90 मीटर भाला फेंका है.

ओलंपिक पदक विजेता ने पहले थ्रो में 88.44 मीटर फेंककर शानदार शुरुआत की. इस थ्रो के साथ उन्होंने 85.5 मीटर के क्वालिफिकेशन मार्क को पार करके टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्थान सुरक्षित कर लिया. हालांकि उनका दूसरा प्रयास फाउल रहा लेकिन उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर का विशाल थ्रो दर्ज किया.

भारतीय भाला फेंक स्टार जीत की ओर बढ़ रहा था क्योंकि अन्य कोई भी प्रतियोगी 90 मीटर को पार करने में सक्षम नहीं था. लेकिन जर्मन स्टार जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 91.06 मीटर थ्रो दर्ज किया. वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में नीरज से जीत छीन ली. 2025 दोहा डायमंड लीग में अपने प्रभावशाली थ्रो से पहले नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर था. जो उन्होंने दो साल पहले स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान हासिल किया था.

अब नीरज 90.23 मीटर का भाला फेंकने के साथ ही पहले भारतीय बन गए हैं जिन्होंने 90 मीटर भाला फेंका है.

विराट कोहली बाउंड्री जड़ते ही रच देंगे इतिहास, 750 चौकों का आंकड़ा छूने वाले बनेंगे दुनिया के दूसरे बल्लेबाज

नईदिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आज यानी 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें विराट कोहली के पास इतिहास रचने का मौका होगा। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले आईपीएल 2025 के 58वें मुकाबले में विराट कोहली पर सभी की निगाहें टिकी होंगी। टेस्ट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली आज अपना पहला मैच खेलने उतरेंगे। ऐसे में स्टेडियम खचाखच भरे होने की उम्मीद है। इस दौरान कोहली की नजर एक खास रिकॉर्ड पर होगी, जिसके लिए उन्हें सिर्फ एक बाउंड्री की दरकार है।

दरअसल, विराट कोहली ने अभी तक आईपीएल में 749 चौके जड़े हैं और अब उन्हें लीग के इतिहास में 750 चौकों का आंकड़ा छूने के लिए सिर्फ एक चौके की जरूरत है। अगर कोहली केकेआर के खिलाफ एक चौका जड़ देते हैं, तो वे आईपीएल में 750 चौके जडऩे वाले महज दूसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। आईपीएल के इतिहास में अब तक सिर्फ एक ही बल्लेबाज 750 से ज्यादा चौके जड़ पाया है। ये खिलाड़ी है शिखर धवन। धवन ने आईपीएल के 222 मैचों की 221 पारियों में 768 चौके जड़े हैं। आईपीएल के इतिहास में 6 बल्लेबाजों ने 500 या उससे ज्यादा चौके जडऩे का कारनामा किया है। इनमें 5 भारतीय बल्लेबाज और एकमात्र विदेशी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर हैं।

गौरतलब है कि आईपीएल 2025 में विराट का बल्ला शानदार लय में है। अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में उन्होंने 7 अर्धशतक की मदद से 505 रन बनाए हैं। वह इस सीजन चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोलकाता के खिलाफ 6 रन बनाते ही वह टूर्नामेंट में सूर्यकुमार को पछाडक़र सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। छात्रों को आज करियर से रिलेटेड शुभ सूचना मिल सकती है। कॉलेज में आपकी एक्टिविटी से आपके दोस्त खुश होंगे। आज आप शाम का समय किसी व्यक्ति से मिलेंगे जिससे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा करेंगे।

वृष: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको काम को पूरा करने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। आज आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे।

मिथुन: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा।

कर्क: आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर मेहमान आ सकते हैं, आपको ख़ुशी होगी।

सिंह: आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज का दिन आपके फेवर में रहने से आपको ख़ुशी होगी जिस काम का रिजल्ट अभी तक आपको परेशान कर रहा था उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं।

तुला: आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है।

वृश्चिक: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ़ होगी।

धनु: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह ख़ुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी ख़ुशी होगी।

मकर: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके ख़ुशी मिलेगी साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।

मीन: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा।

हरी हरा वीरा मल्लू की फिर बदली रिलीज डेट, अब 12 जून को थिएटर आएगी पवन कल्याण की फिल्म

टॉलीवुड के पावर स्टार और आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण की मोस्ट अवेटेड हिस्टोरिकल एक्शन एडवेंचर फिल्म हरी हरा वीरा मल्लू का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है. हरी हरा वीरा मल्लू आगामी 30 मई को रिलीज होनी थी, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया है. फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया गया है. अब फिल्म मई में नहीं बल्कि जून में इस डेट को रिलीज होगी.

फिल्ममेकर्स आज पवन कल्याण का हरी हरा वीरा मल्लू से नया पोस्टर जारी कर फिल्म की नई रिलीज डेट जारी की है. पहले फिल्म 9 मई और फिर 30 मई को रिलीज होनी थी, लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म को जून में रिलीज करने का मन बनाया है. मेघा सूर्या प्रोडक्शन और एचएचवीएम फिल्म ने एक्टर का नया पोस्टर जारी कर हरी हरा वीरा मल्लू की रिलीज डेट 12 जून तय की है. हरी हरा वीरा मल्लू 12 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज होने रही है. फिल्म के नए पोस्टर की बात करें तो इसमें एक्टर लाल-काले कपड़े पहने हाथ में तलवार लिए खड़े हैं.

फिल्म की रिलीज डेट वाले पोस्ट में मेकर्स ने लिखा है, जिंदगीभर के यूद्ध के लिए तैयार रहें, धर्मयुद्ध शुरू.

फिल्म वॉर 2 का टीजर 20 मई होगा रिलीज, ऋतिक रोशन ने दिए संकेत

ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर 2 का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहा हैं, वहीं इस बार फिल्म के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब वॉर 2 के टीजर से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वॉर 2 का टीजर एनटीआर के जन्मदिन पर यानी 20 मई, 2025 को रिलीज किया जाएगा, वहीं फिल्म का पहला मोशन पोस्टर 17 मई को सामने आ सकता है। ऋतिक ने एनटीआर को टैग करते हुए संकेत दिए और लिखा, क्या आपको पता है कि इस साल 20 मई को क्या होने वाला है?

सिनेमाघरों में रिलीज होगी भूल चूक माफ, निर्माताओं ने नई डेट का किया एलान

हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष ने देश और फिल्म इंडस्ट्री को काफी प्रभावित किया है। मौजूदा स्थिति के साथ एकजुटता दिखाते हुए, कई गायकों ने अपने संगीत कार्यक्रम स्थगित कर दिए। कई फिल्ममेकर्स ने अपनी फिल्मों की रिलीज टाल दी। जिन फिल्मों की रिलीज टाली गई उनमें भूल चूक माफ भी शामिल है। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज की नई तारीख का एलान किया है।

आपको बता दें कि प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स ने एलान किया था कि फिल्म का 16 मई 2025 को प्राइम वीडियो पर ओटीटी प्रीमियर होगा।

फिल्म की रिलीज से जुड़ी मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआरइनॉक्स ने इस फैसले को सही नहीं माना और अनुबंध के उल्लंघन के लिए भूल चूक माफ के प्रोडक्शन हाउस पर मुकदमा कर दिया। बताया गया कि मेकर्स के फैसले से 60 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। लेकिन लगता है कि अब दोनों के बीच कानूनी विवाद सुलझ गया है।

मैडॉक फिल्म्स के संस्थापक दिनेश विजन और पीवीआरइनॉक्स के कमल ज्ञानचंदानी द्वारा जारी संयुक्त बयान के मुताबिक, भूल चूक माफ अब बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फिल्म के सभी हितधारकों के साथ बातचीत करने के बाद फिल्ममेकर्स ने एलान किया है कि फिल्म 23 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह गौरतलब है कि अमर उजाला ने एक दिन पहले ही बताया था कि फिल्म भूल चूक माफ 23 मई को रिलीज होगी। अब इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई है।

करण शर्मा द्वारा निर्देशित भूल चूक माफ एक रोमांटिक कॉमेडी और पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी अहम किरदार में हैं।

शब्द सामर्थ्य- 51

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 050 का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	वा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

सू-दोकू- 51

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.050 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6